## सार-समाचार

### आबकारी विभाग का ''सिटीजन ऐप''

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश में अवैध मदिरा के विक्रय की रोकथाम एवं हानिकारक मदिरा के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए आबकारी विभाग का मदिरा की बोतल पर लगे होलोग्राम स्टीकर की जांच पर आधारित ''सिटीजन ऐप''अब गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। इस ऑनलाईन ऐप के माध्यम से मदिरा बोतल के संबंध में पूर्ण सूचना मदिरा क्रेता अथवा उपभोगकर्ता को रियल टाईम में प्राप्त हो जाती है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि अनाधिकृत स्त्रोत से क्रय की गई मदिरा जहरीली व जानलेवा साबित हो सकती है अत: उपभोगकर्ता को जागरूकता के साथ अधिकृत अनुज्ञाधारी मदिरा दुकान से ही मदिरा क्रय करनी चाहिए। इसी क्रम में आबकारी विभाग का ऑनलाईन मोबाईल ऐप ''सिटीजन ऐप'' काफी उपयोगी है, ऐप को एंड्रायड मोबाईल यूजर्स गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर कर सकते है। इस ऐप के माध्यम से मदिरा की बोतल पर लगे होलोग्राम स्टीकर के क्यूआर कोड को स्केन करने अथवा बोतल पर अंकित क्यूआर नम्बर दर्ज करने पर मदिरा का ब्रांड, अधिकतम मूल्य, पैकिंग साईज, बैच नम्बर, उत्पादन की दिनांक एवं निर्माता का नाम आदि सूचना प्रदर्शित हो जाती है। इस प्रकार मदिरा क्रेता को अधिकृत मदिरा, वास्तविक मूल्य सहित उपयोगी जानकारी रियल टाईम में प्राप्त हो जाती है। आबकारी विभाग के ''सिटीजन ऐप'' मोबाईल ऐप को एंड्रायड मोबाईल यूजर कोई भी व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर उपयोग कर सकता है। गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड सिटीजन ऐप को ओपन करने पर स्केन क्यूआर कोड एवं एन्टर क्यूआर नम्बर के ऑप्शन में से किसी भी आप्शन को चुन कर मदिरा बोतल पर लगे होलोग्राम स्टीकर को स्केन अथवा बोतल का क्यूआर नम्बर दर्ज करने पर उक्त मदिरा का ब्रांड, अधिकतम मूल्य, पैकिंग साईज, बैच नम्बर, उत्पादन की दिनांक एवं निर्माता का नाम आदि सूचना प्रदर्शित हो जाती है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि प्रदेश में उक्त ऐप के प्रचार-प्रसार से जागरूकता आएगी और अवैध मदिरा के विक्रय पर रोक लगाने में भी सहायता मिलेगी।

### सीपी जोशी करेंगे 49.19 करोड़ के लोकार्पण व शिलान्यास

**मावली, (निसं)।** मावली विधानसभा में सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, विधायक प्रत्याशी एवं प्रभारी कृष्ण गोपाल पालीवाल, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, निवर्तमान जिला प्रमुख ममता कुवर,विधानसभा संयोजक रोशन लाल सुथार, मंडल अध्यक्ष नितिन सेठिया, कैलाश चंद्र गायरी, जीवन सिंह राव, पर्वत सिंह कितावत, दिनांक 31 दिसम्बर 2025 बुधवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रात:9.30 बजे पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में करवाए गए 14.41 करोड के 111 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। उसके बाद प्रात:11.00 बजे कृषि उपज मंडी में 1.66 करोड़ के सड़क एवं विद्युत कार्यों का लोकार्पण करेंगे एवं एनएच162 हनुमान मंदिर से हॉस्पिटल एनएच162 तक 2.3 किलोमीटर लंबी 2.50 करोड़ की सड़क का लोकार्पण एवं फतहनगर धूणी में 10 करोड़ की लागत से बनने वाले ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास करेंगे। ग्राम पंचायत लदानी में दोपहर 12.05 बजे, 2.59 करोड़ के लोकार्पण,162 से वाया माल का खेड़ा संपर्क सड़क खेमपुर 3.5 , 1.90 करोड़, कक्षा कक्ष, सामुदायिक भवन, चार दिवारी,डोम एवं अन्य विकास कार्य। ग्राम पंचायत खेमपुर में दोपहर 1:30 बजे, 1.22 करोड़ के लोकार्पण, ग्राम पंचायत भीमल में 3:00 बजे 66 लाख के लोकार्पण, ग्राम पंचायत पलाना कला में 4 बजे 16.14 करोड़ के लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। एमडीआर 36 भारोडी से पलाना कला वाया छोटी खेडी मोटी खेड़ी होते हुए, भानसोल तक सडक 8 किलोमीटर, स्वीकृत राशि 16 करोड़ रुपया, इस सड़क का शिलान्यास करेंगे।

### डीएमएफटी के तहत स्वीकृतियों की समीक्षा

**उदयपुर, (कासं)।** डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की मैनेजिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। डीएमएफटी के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने कहा कि जिन कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो चुकी है उनमें से शेष तकनीकी स्वीकृति के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाएं ताकि वित्तीय स्वीकृति जारी की जा सके। जिनकी वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है उनकी टेंडर प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए कार्यों को धरातल पर लाएं। कोटड़ा के दो स्कूल भवन वन विभाग की भूमि पर अवस्थित होने से इनके नवनिर्माण के लिए वन विभाग की ओर से स्वीकृति शीघ्र जारी करने को कहा। इसी प्रकार के अन्य प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश जिला कलक्टर ने दिए। उन्होने उन प्रगतिरत कार्यों, जिनकी समयावधि पूर्ण हो चुकी है, उन्हे जल्द से जल्द पूरे कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए। जिल कलक्टर ने कहा कि डीएमएफटी के तहत स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट करवाई जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सरकार इमारतों के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

### विवाहिता की मौत पर विवाद थमा

**डूंगरपुर।** चौरासी थाना क्षेत्र के गंधवा गांव में तीन दिन पहले हुई एक विवाहिता की मौत पर चल रहा विवाद सोमवार शाम को समाप्त हो गया। मृतका के पीहर पक्ष ने अब आत्महत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौरासी थाना पुलिस के अनुसार, गंधवा निवासी पायल अहारी का शव शनिवार को एक पेड से लटका हुआ मिला था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मृतका और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उनके बीच पहले भी विवाद होते रहे थे। शव लटके होने की सूचना मिलने पर चौरासी पुलिस मौके पर पहुंची और बांसवाडा से फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर डूंगरपुर मोर्चरी में रखवाया था। इसके बाद से पीहर पक्ष लगातार मौत की वजह हत्या बता रहा था। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद पुलिस ने देर शाम मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई पूरी की।

### कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**उदयपुर, (कासं)।** नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या को देखते हुए जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार 31 दिसंबर को आदेश के अनुसार हितेश त्रिवेदी, तहसीलदार बड़गांव को पुलिस थाना नाई, बड़गांव एवं सुखेर क्षेत्र, श्याम सिंह चारण, तहसीलदार गिर्वा को सूरजपोल, प्रतापनगर, हिरणमगरी, गोवर्धन विलास एवं सविना एवं अभिनव शर्मा, तहसीलदार उदयपुर विकास प्राधिकरण को अम्बामाता, हाथीपोल, भूपालपुरा, घण्टाघर एवं धानमंडी थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व दिया गया है।

# पहाड़ी काटने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : कलक्टर

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में जिला पर्यावरण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में झीलों की स्वच्छता, पहाड़ियां कटने, ध्वनि प्रदूषण, प्लास्टिक से मुक्ति आदि कई विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिला कलेक्टर ने स्कूलों में प्रति शनिवार नो बैग डे के तहत विभिन्न प्रकार की पर्यावरण अनुकूल गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि उस दिन स्कूली बच्चों से वेस्ट वस्तुओं से कोई डेकोरेटिव आइटम या अन्य उपयोगी वस्तुएं निर्मित करवाई जाएं। बच्चों में पर्यावरण को स्वच्छ रखने की आदत विकसित करने पर जोर दिया जाए। उन्होने पिछली तिमाही में ध्वनि प्रदूषण के दर्ज प्रकरणों एवं चालान के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि रात्रि दस बजे बाद प्रदूषक यंत्रों पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाए। उन्होने फतहसागर मुम्बइया मार्केट एवं रानी रोड पर पर्यटक एवं आमजन की आवाजाही से उत्पन्न कचरे से समुचित निस्तारण करने एवं झीलों को स्वच्छ रखने के समुचित उपाय करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शहरकोट के भीतर नो व्हीकल जोन के लिए स्थानीय व्यापारियों एवं आमजन से चर्चा करने की बात कही। नगर निगम, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सर्वे कर नो व्हीकल जोन की संभावनाएं तलाशें। जिला कलक्टर ने यूडीए एवं खान विभाग के अधिकारियों को पहाड़ियों की अवैध कटाई के प्रति सतर्क रहने निर्देश देते हुए कहा कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में इको टूरिज्म पर भी चर्चा की गई और इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों को नए स्थान चिन्हित कर विकसित करने को कहा गया। उप वन संरक्षक अजय चित्तोड़ा, एसीएफ सुरेखा चौधरी, यूडीए सचिव हेमेन्द्र नागर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान शिव के विभिन्न नाम व रूपों का वर्णन किया

**उदयपुर, (कासं)।** एक तरफ थर्टी फस्टऔर न्यू ईयर के पाश्चात्य जश्न की धमाल चल रही है, तो दूसरी तरफ नई पीढी और जनसामान्य को सनातन के अनूठे, अद्वितीय धर्म समागम ने आकर्षित किया है। मीरा नगर में मैग्नस हॉस्पिटल के पास विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी धाम पीठाधीश्वर पूज्यपाद जगद्गुरु वसन्त विजयानन्द गिरी महाराज ने भारत की पुरातन सनातन संस्कृति के प्रति पुनर्जागरण और जन-जन की सुख समृद्धि के लिए अद्भुत धर्मोत्सव का आयोजन 5 जनवरी तक चलेगा।

महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि महामहोत्सव के द्वितीय दिवस रात्रिकालीन श्री एकलिंगनाथ शिव महापुराण कथा का श्रवण कराते गुरुदेव ने युवाओं को संदेश दिया कि दुनिया थर्टी फस्ट और न्यू ईयर के जश्न में डूब रही है। ऐसे में भारत की युवा शक्ति भले ही नया साल मनाये लेकिन पार्टी, डिस्को की बजाय हमारी सर्वशक्तिमान सनातन संस्कृति के साथ आनन्द का आदान प्रदान करें। महामहोत्सव में जो साल के अंत और नए साल के आरंभ में कथा, साधना, यज्ञ महोत्सव में उपस्थित हो रहे हैं वे पूण्यशाली हैं। गौरतलब है कि महामहोत्सव में दिनोंदिन श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिल रहा है।

कथा में गुरुदेव ने भगवान शिव के विभिन्न नाम और रूपों का वर्णन किया। आपने मृदंडी ऋषि, उनके संतान प्राप्ति और शिव नाम की महिमा के दुर्लभ प्रसंग का वर्णन सविस्तार बताया। आपने कहा कि हमेशा सकारात्मक सोचें और सकारात्मक बोलें। क्योंकि जिस घर मे आप रहते हैं वहां पूर्वज विचरण करते हैं। वे सदैव आपके साथ होते हैं। जगद्गुरु देव ने कहा कि भक्ति प्रयत्न करके करना चाहिए जबकि पाप फ्री में भी मिले तो न करें। जो ईश्वर को सर्वोपरि मानते हैं वे श्रेष्ठ हैं। आमतौर पर घरों में भगवान का स्थान बहुत छोटा आले में और खुद का कमरा भव्य होता है। यह अनुचित है। गुरुदेव ने बताया खुद के लिए नए वस्त्र जब भी खरीदें तो घर के भगवान देवी देवताओं के लिए भी नए वस्त्र लाकर अर्पित करें। इससे उनकी शुद्धता, स्वच्छता बनी रहेगी। यदि आप सोचते हैं कि जो तकदीर में लिखा है वही होगा तो फिर भगवान के मंदिर क्यों जाते हो। याद रखिये जो ज्योतिपुंज भगवान शिव का भक्त है वह तकदीर भी बदल सकता है। कथा में जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरीजी महाराज के श्रीमुख से गूंजे कर्णप्रिय भजनों पर श्रद्धालु मुग्ध होकर जमकर थिरके।

श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ, पूजा साधना महामहोत्सव की आयोजन कार्यकारिणी समिति ने बताया कि 31 दिसम्बर की संध्या को सुविख्यात भजन गायक लखवीरसिंह लक्खा द्वारा कथा के दौरान शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया

**उदयपुर, (कासं)।** प्रसार शिक्षा निदेशालय, उदयपुर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण 15 से 29 दिसम्बर तक किया गया। प्रशिक्षण को मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक डॉ. आई.जे. माथुर, प्रसार शिक्षा निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर के सानिध्य में किया गया। प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 45 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। डॉ. माथुर ने प्रशिक्षणार्थियों से आव्हन किया कि अपने व्यवसाय के साथ किसानों को सही सुझाव देकर अप्रत्यक्ष रूप से उनके लिए बदलाव अभिकर्ता के रूप में सहायता करें। डॉ. माथुर ने प्रतिभागियों से बात करते हुये कस्टमाईज उर्वरक, संतुलित उर्वरक एवं समन्वित उर्वरक प्रबन्धन पर प्रकाश डाला और नैनो फर्टिलाईजर एवं जल में घुलनशील उर्वरकों के महत्व पर चर्चा की। उन्होनें कृषि के छः प्रमुख आयामों यथा मिट्टी, पानी, बीज, औजार, वातावरण एवं किसान के बारे में भी बताया और कहा कि किसान सर्वोपरी है।

## पंचायत समिति व थाने की कार्य प्रणाली समझी

**राजसमन्द।** जन विकास संस्था की अपराजिता परियोजना के तत्वाधान में रेलमगरा पंचायत समिति के 22 महिला नेतृत्वकर्ता ने समझ विकसित करने कानून की जानकारी लेने के उद्देश्य से रेलमगरा थाने का विजिट किया विजिट के दौरान प्रवीण झुकतावत हेड कांस्टेबल, नरेंद्र सिंह द्वारा एकल महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि यहां आने से किसी भी प्रकार का डर नहीं होना चाहिए एवं थाने का भ्रमण करवाया।

एफ आईआर दर्ज करवाने की प्रक्रिया बताइए साइबर क्राईम के बारे में जानकारी दी, वह उसके पश्चात रेलमंगरा पंचायत समिति का विजिट करवाया पंचायत समिति में अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेश कुमार जैन एवं दिनेश चंद्र गुर्जर, अंबाबेन द्वारा पेंशन के बारे में खाद्य सुरक्षा के बारे में एवं स्वच्छ भारत मिशन व नरेगा के बारे में जानकारी दी।

# गीतांजली हॉस्पिटल में लेजर सर्जरी कार्यशाला आयोजित

■ **कार्यशाला के दौरान आधुनिक लेजर तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर 9 मरीजों में लेजर सर्जरी का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया**

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के जनरल सर्जरी विभाग द्वारा एक दिवसीय लेजर सर्जरी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल एवं प्रोफेसर डॉ. अजय चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. मोहित कुमार बडगुर्जर के नेतृत्व में संपूर्ण शल्य चिकित्सा विभाग के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

कार्यशाला के दौरान आधुनिक लेजर तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए कुल 9 मरीजों में लेजर सर्जरी का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें 3 वैरिकोज वेन्स (एक पुनरावर्ती केस), 3 फिस्टुला-इन-एनो (दो ट्रांसस्फिंक्टेरिक) तथा 3 बवासीर (हेमोरॉयड्स) के केस शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. विवेक शर्मा (अजमेर) ने विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। उन्होंने व्यापक अनुभव एवं तकनीकी ज्ञान को साझा किया। उन्होंने बताया कि लेजर सर्जरी से मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्त्राव, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा जल्दी अस्पताल से छुट्टी जैसे अनेक लाभ मिलते हैं। उनकी विनम्रता, सरल स्वभाव तथा फैकल्टी एवं रेजिडेंट्स के प्रश्नों को स्पष्ट करने की शैली की सभी ने सराहना की।

कार्यशाला में लगभग 40 सर्जनों, जिनमें फैकल्टी सदस्य एवं रेजिडेंट डॉक्टरों ने भाग लिया। प्रतिभागी सर्जनों ने लेजर तकनीक से संबंधित नवीन तकनीकी प्रगति को न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक रूप से भी समझा।कार्यक्रम की सफलता में एनेस्थीसिया विभाग का विशेष योगदान रहा, जिसके लिए डॉ. अलका छाबडा (विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया), डॉ. पूजा पटेल एवं डॉ. पिंकी सहित संपूर्ण एनेस्थीसिया टीम का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही रेडियोलॉजी विभाग से डॉ. रविंदर कुंडू (विभागाध्यक्ष),डॉ. यामिनी एवं डॉ. शिवम के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

## सार-समाचार

### एएसआई की झुलसने से मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थानाक्षैत्र में एएसआई की अपने ही मकान में झुलसने से मौत हो गई। इसका पता चलने पर उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मृतक को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी हैं जिनके आने पर पोस्टमार्टम होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपरह में नारेड़ा कोटपुतली बेहरोड़ जयपुर हॉल ट्रांफिक में तैनात एएसआई बिलिया थाना सविना निवासी राकेश मीणा (47) पुत्र भेरूलाल की अपने ही मकान में लगी आग पर दमघुटने एवं झुलसने से मौत हो गई। मंगलवा दोपहर में मकान से धुआ निकलने की सूचना मिलने पर सविना थानाधिकारी भंवरलाल मय जाप्ता मोके पर पहुंचे। जहां राकेश का शव पड़ा हुआ था एवं चारपाई जली हुई थी। इधर सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक ट्राफिक अशांक आंजना, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां एफएएसएल टीम को बुलवा कर मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा मृतक को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी है। जिनके आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम होगा। राकेश मीणा परिवार सहित रहता था एवं गत दिनों शीत कालीन अवकाश होने से परिवार गांव गया था वह मकान पर अकेले ही थे। वहीं 21 दिसंबर से राकेश मीणा ड्यूटी पर भी नहीं जा कर गैर हाजिर थे। घटना के संबंध में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

### सोशल मीडिया पर धमकाने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** कार से टक्कर मार कर युवक की हत्या करने वालों को गोली मार कर हत्या करने की धमकी देने वालें को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार गत दिनों मल्लातलाई गांधीनगर निवासी भंवरलाल के दोतहिते आरव खोखर व उसके साथी हिमांशु की स्कूटी को कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में आरव की मौत हो गई थी एवं साथी हिमांशु घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों सोहेल उर्फ टोनी पुत्र मुनीर खां निवासी ओमबन्ना दक्षिणी विस्तार कॉलोनी , मोसीन पुत्र मोहसीन निवासी नूरी चपौक खांजीपीर व सोहेल पुत्र शेर मोहम्मद निवासी अंजुमन हॉल गोसिया कॉलोनी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। उक्त घटना से आक्रोषित राहुल भाटी ने 29दिसंबर को इस्टाग्राम पर एक वीडियों वायरल किया । जिसमें उसने आरव के हत्यारों को कोर्ट में गोली मार कर हत्या करने की धमकी दे रहा है। इसका पता चलने पर सूरजपोल थाने के कांस्टेबल ओमप्रकाश पुत्र देवीलाल सालवी निवासी मैथुडी सलूम्बर की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में थानाधिकारी महेश जोशी ने आरोपी राहूल को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

**डूंगरपुर।** विभिन्न विभागों लंबित प्रकरण के निस्तारण के संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता जिला परिषद के ईडीपी सभागार में बैठक आयोजित की गई।जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने समस्त विभागों से संबंधित लंबित प्रकरण की जानकारी लेते हुए पोर्टल पर दर्ज शिकायतो का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में कुल प्राप्त आवेदन, लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण तथा शेष आवेदनों की जानकारी लेकर उन्हें समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना में प्राप्त आवेदन, लखपति दीदी के लक्ष्य एवं उनके चिन्हीकरण कर पोर्टल पर अपडेट करवाने, कृषि सखी, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना आरजीएसएस योजना की प्रगति कुसुम योजना लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री एग्रीकल्चर योजना, फार्म पौंड योजना, प्राकृतिक कृषि सहित अन्य योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रगति में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई में लंबित प्रकरण, ई- फाइल में दर्ज शिकायत के निस्तारण की जानकारी लेते हुए शेष रहे प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### माहेश्वरी ने श्री चारभुजानाथ के किए दर्शन

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गढबोर स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर के दिव्य दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति एवं सामाजिक सद्भाव के लिए मंगलकामनाएं कीं। दर्शन उपरांत कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वैश्विक वरीयता क्रम में सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता हैं। उनके सशक्त नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी बडी सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है तथा भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढने वाली अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि अनेक अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के वार्षिक आंकलन भी प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता बताते हैं, जो भारत की बढती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

# डूंगरपुर में मौखिक आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**डूंगरपुर।** राजकीय चिकित्सालय डूंगरपुर परिसर में वाहन पार्किंग शुल्क व अन्य अव्यवस्थाओं के विरोध में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के बैनर तले पिछले 16 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर की मौजूदगी में मौखिक आश्वासन के बाद समाप्त किया गया।

धरना स्थल पर उपस्थित भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रचारक मुकेश कलासुआ ने बताया कि डूंगरपुर जिले के राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले गरीब, आदिवासी एवं ग्रामीण परिवारों से जबरन वाहन पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। गंभीर बीमारी, आपात स्थिति और आर्थिक तंगी से जूझ रहे मरीजों व उनके परिजनों से इस प्रकार की वसूली अमानवीयए अन्यायपूर्ण और जनहित के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से चिंताजनक है कि उदयपुर, बांसवाडा एवं प्रतापगढ जैसे पडौसी जिलों के राजकीय चिकित्सालयों में किसी भी प्रकार का पार्किंग शुल्क नहीं लिया जा रहा है, जबकि डूंगरपुर के जिला अस्पताल में यह व्यवस्था लागू की गई है। यह न केवल भेदभावपूर्ण है,बल्कि इसकी वैधानिकता पर भी गंभीर सवाल खडे करता है। मुकेश कलासुआ ने आगे बताया कि पार्किंग शुल्क के साथ-साथ अस्पताल परिसर में वार्डों की अव्यवस्थाएं, दलालों की सक्रियता, मरीजों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से की जा रही कमीशनखोरी तथा विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार जैसी गंभीर शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा द्वारा प्रशासन, शासन, सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया गया। धरने के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। मंगलवार को जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ.महेंद्र डामोर ने मौखिक रूप से आश्वस्त किया कि आगामी बैठक में इन सभी मुद्दों पर ठोस समाधान किया जाएगा। इसी आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

हालांकि, कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो अगली बैठक में आंदोलन को और तेज करते हुए कडे फैसले लिए जाएंगे। इस अवसर पर भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रचारक मुकेश कलासुआ सहित अनुतोष रोत, पोपट खोकरीया, धनराज भमात, राजू कटारा, वासुदेव कटारा, अरविंद रोत, कपिल हडात रमेश खराडी, आकाश कलासुआ आदि मौजूद रहे।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक

**डूंगरपुर।** केशव बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन को, अनुशासित और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता के साथ संपन्न कराने को लेकर बैठक चंपालाल सुथार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।


**Name Changed**

I Have Changed My Name From Shabbir to Shabbir Biscuitwala For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 26, Moyyedpura, Boharwadi, Udaipur, Raj.



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: उविप्रा/नियमन रिकॉर्ड/2025/3472 **आम-सूचना** दिनांक:- 24/12/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम | आवेदक का नाम /पिता का नाम | मृतक का नाम /दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 149 (MUT No. 6707) | 760 वर्गफीट | आयड खसरा नं. 119मी., 119/2628, 120/2630, 121 | श्रीमती अंजना गौतम पत्नी स्व. श्री नितिन गौतम एवं सुश्री गार्गी गौतम जरिये संरक्षक माता श्रीमती अंजना गौतम, निवासी- 26, मालवीय नगर, नीलम रेस्टोरेन्ट के पास, बोहरा गणेश मंदिर, उदयपुर | श्री नितिन गौतम पिता श्री रामेश्वर प्रसाद जी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 13.09.2025 एवं वारिसान का शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण- पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार
उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)


# महाकाल से सोमनाथ शिवलिंग का हुआ मिलन, साक्षी बने हजारों भक्त

■ **राडाजी चौराहा से महाकालेश्वर मंदिर तक निकली स्वागत यात्रा में सैकडों श्रद्धालु हुए शामिल**

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के महाकाल मंदिर में आज खास और ऐतिहासिक दिन था। भगवान से सोमनाथ शिवलिंग का मिलन हुआ और इस खास पल के साक्षी हजारों भक्त बने। इससे पहले यहां पर निकली शोभायात्रा में माहौल को भक्तिमय बना दिया।

सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा आज उदयपुर पहुंची तो यहां पर भव्य स्वागत किया गया। शाम को गाजे-बाजे एवं ढोल-नगाडों साथ राडाजी चौराहा से सोमनाथ शिवलिंग के अंशों की महाकाल मन्दिर तक भव्य स्वागत यात्रा निकली जिसमें सैंकडों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान के जयकारा के साथ मुख्य मार्ग होते हुए जैसे ही शोभायात्रा महाकाल मंदिर पहुंची तो वहां पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

आर्ट आफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान समन्वयक और प्रशिक्षिका प्रियंका शर्मा ने बताया कि उदयपुर में पहली बार हुए इस मिलन के साक्षी बने भक्तों ने दर्शन पाकर अपने आप को धन्य माना। जैसे ही सोमनाथ शिवलिंग के साथ महाकाल मन्दिर के गर्भ गृह में प्रवेश किया और दोनों शिवलिंग और महाकाल का मिलन कराया गया। इस ऐतिहासिक पल के दौरान सैकडों श्रद्धालुओं ने सोमनाथ एवं महाकाल के जयकारों से पूरा मन्दिर प्रांगण गूंजायमान कर दिया।

आर्ट आफ लिविंग प्रशिक्षक गिरधारी लाल गर्ग ने बताया कि सोमनाथ शिवलिंग की स्वागत यात्रा के दौरान सजी-धजी बग्घी में स्वामीजी परमानन्दजी महाराज के साथ सोमनाथ शिवलिंग को विराजमान कराया गया। स्वागत यात्रा में पुरूष श्रद्धालु श्वेत वस्त्रों में चले जबकि महिलाएं श्वेत एवं गुलाबी रंग के परिधान पहन कर साथ चली। राडाजी चौराहा से महाकाल मन्दिर तक के पूरे मार्ग स्वागत यात्रा के दौरान मार्ग से गुजरना वाला हर व्यक्ति श्रद्धा से सोमनाथ शिवलिंग के आगे नतमस्क हो गया। कई वाहन चालकों ने अपने वाहन सडक किनारे खडे करके कुछ देर रूक कर सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन किये।

आर्ट आफ लिविंग प्रशिक्षक इशविन सच्चर ने बताया कि मन्दिर में पहुंचने के बाद श्रद्धालु सोमनाथ शिवलिंग के साथ महाकाल मन्दिर के गर्भगृह में पहुंचे। वहां पर पण्डितजी द्वारा पूजा- अर्चना करवाने के पश्चात सोमनाथ शिवलिंग एवं महाकाल का महामिलन करवाया। इस अद्भुद एवं ऐतिहासिक पल को निहारते श्रद्धालुओं के नैत्र सजल हो गये और जयकारों से मन्दिर परिसर गूंज गया। आर्ट आफ लिविंग की प्रशिक्षक रजनी जोशी ने बताया कि इस महामिलन के बाद सोमनाथ शिवलिंग को महाकाल मन्दिर परिसर के गार्डन में बने विशाल पाण्डाल में ले जाया गया। वहां पर सोमनाथ शिवलिंग को विशेष सिंघासन पर विराजमान कराया।

## हेलमेट वितरित किये

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की पहल पर चलाये जा रहे जीवन रक्षा अभियान को गति मिल रही है वहीं लोग रोमांचित होते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रकट हुए यमराज को देखकर रोमांचित होते नजर आ रहे हैं। अभियान के तहत कागदी पिकअप रतलाम रोड़ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नसीहत दी कि वे सदैव ध्यान रखें कि उनका घर पर कोई इंतजार कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान सिर्फ चालान काटने के लिये नहीं वरन् घरों के चिराग बचाने का अभियान है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह, पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा, आरपीएस सुहासी जैन, कोतवाली थानाधिकारी बुद्धाराम, सदर थानाधिकारी रूपसिंह, यातायात प्रभारी रामस्वरूप तथा नुक्कड़ नाटक टीम मौजूद रही। अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं एवं उनके गंभीर परिणामों के प्रति सचेत किया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने 100 मोटर साइकिल चालकों में निःशुल्क हेलमेट वितरित किये। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना ही नहीं वरन् नागरिकों की जान बचाना है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी चालक बिना हेलमेट या यातायात नियमों की अवहेलना करते पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बेडावल, पंचायत समिति लसाड़िया, जिला सलुम्बर**

क्रमांक: निविदा/2025-26/ग्रा.प./नि./25-26/71 दिनांक-26/12/2025

**खुली निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेडावल में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास अन्तर्गत स्वीकृत कुल 2 कार्य कुल राशि 10.00 लाख हेतु पंजीयन संवेदको/ फर्मो के माध्यम से ऑफलाईन मुहरबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण/ जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

UBN N0. ZUD2526WSOBO3451
ZUD2526WSOBO3452

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बेडावल
पं.स.-लसाड़िया,
जि.सलुम्बर ( राज. )

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बेडावल
पं.स.-लसाड़िया,
जि.सलुम्बर ( राज. )